प्रेस विज्ञप्ति
12.07.2026

क्रिप्टोकरेंसी "एटीसी कॉइन" के नाम पर जनता से उच्च एवं सुनिश्चित प्रतिफल का प्रलोभन देकर निवेश जुटाने से संबंधित धोखाधड़ी के मामले में अनंतिम कुर्की

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुंबई आंचलिक कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत मेसर्स जूरिया सर्विसेज क्लब इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स वीवा कार्ड रिटेल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, सुभाषचंद्र रामरतन जूरिया तथा चिराग रामरतन जूरिया की लगभग **55.50 करोड़ रुपये** मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियों में मुंबई स्थित **11 वाणिज्यिक गाला (दुकानें) एवं चार आवासीय फ्लैट** के रूप में अचल संपत्तियां तथा बैंक खातों में उपलब्ध शेषराशि के रूप में चल संपत्तियां शामिल हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई जांच में यह सामने आया कि ये संपत्तियां "एटीसी कॉइन" नामक क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर जनता/निवेशकों से धन एकत्र कर अर्जित अपराध से प्राप्त आय से खरीदी गई थीं।

ईडी ने वर्ष 2021 में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), मुंबई द्वारा मेसर्स जूरिया सर्विसेज क्लब इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एटीसी कॉइन लिमिटेड, सुभाषचंद्र रामरतन जूरिया तथा चिराग रामरतन जूरिया के विरुद्ध दर्ज अपराध क्रमांक 77/2017 के आधार पर जांच प्रारंभ की। इसके उपरांत ईओडब्ल्यू, मुंबई द्वारा आरोपपत्र भी दाखिल किया गया।

ईडी की अब तक की जांच में यह सामने आया कि सुभाषचंद्र रामरतन जूरिया एवं चिराग रामरतन जूरिया ने स्वयं को तथा अपनी संस्थाओं को स्वयं द्वारा निर्मित "एटीसी कॉइन" नामक क्रिप्टोकरेंसी के प्रवर्तक के रूप में प्रस्तुत किया तथा उच्च एवं सुनिश्चित प्रतिफल का आश्वासन देकर जनता को निवेश करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार जनता/निवेशकों से लगभग 84 करोड़ रुपये की धनराशि एकत्र की गई, जिसे मेसर्स जूरिया सर्विसेज क्लब इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते में जमा कराया गया। इसके बाद उक्त धनराशि को आरोपियों एवं उनकी संबद्ध संस्थाओं, जिनमें मेसर्स वीवा कार्ड रिटेल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है, के विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से स्थानांतरित किया गया। इस धनराशि के एक हिस्से का उपयोग मुंबई स्थित चार आवासीय फ्लैट तथा 11 वाणिज्यिक गाला (दुकानों) के अधिग्रहण में किया गया।

मामले में आगे की जांच प्रक्रियाधीन है।